
अक्टूबर-2024, ₹ 10.00

# दीप कमल



## सदस्यता का गौरव

सशक्त भाजपा – विकसित भारत
सदस्यता
अभियान-2024



# संगठन महापर्व






# दीप कमल


वर्ष-20, अंक-10, अक्टूबर 2024

**संपादक**
पंकज कुमार झा

**प्रबंध संपादक**
हेमंत पाणिग्रही

मुद्रक एवं प्रकाशक
**किरण देव** द्वारा, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ के लिए, विश्व परिवार से मुद्रित एवं कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, बोरियाकला, रायपुर से प्रकाशित।


पत्रिका दीप कमल के इस अंक का पीडीएफ प्राप्त करने के लिए कृपया QR कोड स्केन करें।

www.deepkamal.online

**स्वत्वाधिकारी**
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़



mydeepkamal@gmail.com
0771-2233500, 2233511
92016-33511

भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## सोशल मीडिया से

### नरेंद्र मोदी



हरियाणा का हृदय से आभार!
भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर स्पष्ट बहुमत देने के लिए मैं हरियाणा की जनशक्ति को नमन करता हूं। यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है। मैं यहां के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। (8 अक्टूबर 2024)

### जगत प्रकाश नड्डा



छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद श्री गोपाल व्यास जी के आवास पर भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और भारतीय जनता पार्टी में उनकी सदस्यता का नवीनीकरण किया। आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की स्थापना के लिए श्री व्यास जी ने निरंतर संघर्ष किए। जनसेवा व संगठन को समर्पित उनका जीवन प्रेरणीय है। (26 सितंबर 2024)

### अमित शाह



अंधकार की जगह संवैधानिक अधिकार, हिंसा की जगह विकास, जीरो टॉलरेंस की नीति और जनकल्याण की योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुँच सुनिश्चित कर मोदी सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को विकसित बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। (7 अक्टूबर 2024)

### विष्णु देव साय



छत्तीसगढ़ राज्य को कर हस्तांतरण के तहत 6,070 करोड़ रुपए स्वीकृत करने के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक आभार। त्योहारों के उपलक्ष्य में यह राशि मोदी सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को मिला अनुपम उपहार है। (10 अक्टूबर 2024)

### किरण देव



देश की आजादी में खादी का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। महात्मा गांधी जी ने खादी से स्वदेशी का भाव जागृत कर देशवासियों के स्वावलंबन और एकजुटता को साकार किया है। गांधी जयंती के अवसर पर खादी स्टॉल पहुंचकर खादी कपड़े का क्रय किया। (2 अक्टूबर 2024)

## असत्य पर सत्य की जीत निश्चित

# नक्सल विहीन छत्तीसगढ़ बनाने का विष्णु संकल्प




छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग जैसा कि हम सभी जानते हैं, वहीं दंडक वन है, जहां मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के वनवास का अधिक समय व्यतीत हुआ है। जिस वन ने हमारे राजाराम को वनवासी राम, तपस्वी श्रीराम बनाया। जिसने उन्हें ऐसा महानायक बनाया जैसा अन्य कोई हुआ नहीं और होगा भी तभी जब भगवान विष्णु फिर अवतार लेकर इस धरा को धन्य करेंगे। विजयादशमी का पर्व, असत्य पर सत्य की विजय का उत्सव दशहरा, अंधकार पर प्रकाश की शाश्वत विजय का त्यौहार दीपावली, असत से सत की यात्रा के तमाम प्रकाश पुंजों के मध्य का यह समय वास्तव में उस दंडकारण्य को फिर से अभयारण्य बनाने के यज्ञ की पूर्णाहुति का है। कभी इसी दंडक वन में राक्षसों द्वारा हत्या किये गए निरपराध वनवासी साधु-संतों, तपस्वियों के अस्थियों का पहाड़ देख कर द्रवित होते हुए श्रीराम ने भुजा उठा कर यह प्रण कर लिए था कि वे पृथ्वी को निशाचरों से मुक्त करेंगे।


वर्तमान समय में भी श्रीराम परम्परा को आत्मसात करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार इसी तरह दंडक वन को नक्सल निशाचरों से मुक्त करने का प्राण लिए सत्ता में आयी है। वह भी वचनबद्ध है इस पवित्र वन्य अंचल को माओवादी कम्युनिस्ट आतंकियों से मुक्त करने को। हाल में जब एक साथ ऐसे 31 माओवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया, तब इसी संकल्प का परिचय दिया गया है। वास्तव में 31 सिर एक साथ काट लेने के बाद ही रावण वध संभव हो पाया था। वस्तुतः रावण की नाभि में अमृत था जिसके कारण हर बार मस्तक विहीन कर देने के बाद भी उसका नया सर जन्म ले लेता था। अंततः नाभि का अमृत सोख लेने के बाद अंतिम जय संभव हो पाया था। अगर वर्तमान के नक्सल आतंक की उससे




तुलना करें तो कहा जा सकता है कि इस विदेशी विचार को अमृत वास्तव में उनसे मिलता है जिसे हम 'अर्बन नक्सल' कहते हैं। इस आतंक को विचार और प्रोपगंडा के द्वारा समर्थन देने वाले शहरी गिरोह वास्तव में न केवल इस आतंक के लिए खाद-पानी का काम करते रहे हैं, बल्कि उसे जीवनदान उपलब्ध कराते रहे हैं। कभी मानवाधिकार, तो कभी फर्जी मुठभेड़ की कहानी गढ़, कभी आधी रात में सुप्रीम कोर्ट का ताला खुलवा लेने जैसा कृत्य कर तो कभी मीडिया और प्रेस जगत के माध्यम से झूठ और अफवाह फैला कर ये गिरोह नक्सल को समर्थन कर आदिवासियों की हत्या करने में भाड़े के हत्यारों को सहायता करते रहे हैं, जिसकी बड़ी कीमत भी उन्हें मिलती रही है।

किंतु इस बार बस्तर के आदिवासियों ने उस बौद्धिक समर्थन रूपी अमृत को सोख लेने का तय कर लिया था। पचास से अधिक ऐसे नक्सल पीड़ितों ने जिनका अंग-भंग कर दिया गया था। दिल्ली जा कर ऐसे नक्सलियों को उनकी मांद में ललकारना तय किया। वे ऐसे हर जगह गए जहां-जहां से नक्सलियों को बौद्धिक, वैचारिक, संस्थानिक, न्यायिक समर्थन मिलता है। हर उस जगह पर जा कर आदिवासियों ने शहरी नक्सलियों के सभी दुष्प्रचारों को ध्वस्त कर दिया और अंततः निस्तेज नक्सलियों को इस हाल में पहुंचा दिया कि अब उनके लिए रोने वाला भी कोई नहीं बचा है। यही कारण है कि आज अपने तमाम झूठों की पोल खुल जाने पर सीधे तौर पर स्वीकार करने को विवश हो रहे नक्सली कि मुठभेड़ में उनके लोग अब थोक में मारे जा रहे हैं।

नक्सल पीड़ित आदिवासियों ने अपने संरक्षकों के पास जा-जा कर भी उनसे अपना ऐसा दर्द साझा किया जिसके बारे में इससे पहले कर्णधारों को भी कल्पना नहीं थी। भारत गणराज्य के राष्ट्रपति से लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री तक जा कर, अपनी पीड़ाओं को बताने के बाद



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

वे इस आश्वस्ति के साथ राजधानी से निकले कि अब उनके दुःख और पीड़ा का अंत तुरंत संभव है। भले उनके खोये हाथ या पांव अब वापस नहीं आ सकते, किसी आदिवासी बच्ची की खोयी हुई आंखें दुबारा नहीं मिल सकती लेकिन उनकी पीढ़ियां अब पीढ़ियों तक सुरक्षित रहेंगी, अब उनके जीवन का सौदा किसी मार्क्स, किसी माओ, किसी करात किसी येचुरी किसी भूपेश किसी महंत के गुर्गे नहीं कर पायेंगे, उनकी पीड़ा को कोई अरुंधती, कोई बेला, कोई नौलखा अब बेच नहीं सकता, यह सुनिश्चित करके ही वे सभी नक्सल पीड़ित वापस अपने बस्तर आये हैं।

भारत की डबल इंजिन की सरकार का अब स्पष्ट मानना है कि वह केवल विकास से नक्सल समस्या के समाधान का पाखंड नहीं करेगी बल्कि नक्सलियों के उन्मूलन के बाद ही टिकाऊ विकास की तरफ आगे बढ़ेगी। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नक्सल मुक्ति के संकल्प को सिद्ध करने केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह भी अहर्निश जुटे हैं। पिछले दिनों न केवल रायपुर में तीन दिन रह कर केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने देश भर के नक्सल प्रभावित राज्यों की बैठक लेकर रणनीति पर विचार-विमर्श किया बल्कि फिर दिल्ली में उसके बाद बैठक करते हुए लिए गए निर्णयों का फॉलोअप भी लिया।

दिल्ली में आयोजित बैठक में जिस तरह छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार की प्रशंसा हुई, निःसंदेह उससे मुख्यमंत्री साय और गृह मंत्री विजय शर्मा के हौसले और अधिक बुलंद हुए हैं।

और अधिक बुलंद हौसले के साथ वे नक्सल मुक्ति के स्वप्न को साकार करने में जी-जान से जुट गए हैं। लगातार थोक में नक्सलियों का उन्मूलन करने वाले सुरक्षा बलों, हमारे आरक्षियों, डीआरजी के वीरों के शौर्य की जितनी तारीफ की जाय, कम है। जैसा कि श्री शाह का डेडलाइन है, 31 मार्च 2026 के बाद नक्सली अब भारत में एक काले इतिहास के रूप में दर्ज हो जायेंगे। आने वाली नस्लें अब जेएनयू समेत सभी जगह दीमक की तरह फैले बौद्धिक शहरी नक्सलियों, कांगरेडों को वैसा ही दुत्कारती रहेगी, जैसा हम रावण का पुतला जलाते हुए उसे हर वर्ष दुत्कारते हैं।

हरियाणा विजय और सभी त्यौहारों की भी आप सभी को अशेष शुभकामनाएं ... ।•••

Email: mydeepkamal@gmail.com


पंकज...

@pankaj_media



हेमंत पाणिग्रही

# सबके हृदय में आज भी बसते हैं श्रद्धेय लरंग साय



28 अक्टूबर 1938

7 जनवरी 2004



**राजनीतिक सफर**

**विधायक : सामरी 1967 से 1972, 1980।**

**सांसद : सरगुजा 1977 से 1979, 1989 से 1999।**

**मंत्री : मध्यप्रदेश व केंद्र में श्रम एवं संसदीय कार्यमंत्री।**

अविभाजित मध्यप्रदेश के समय छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रखर जननेता श्रद्धेय लरंग साय जी की स्मृतियां प्रत्येक युग में जीवंत रहेंगी। सहज, सरल, स्पष्टवादी व्यक्तित्व के धनी स्व. लरंग साय का जन्म 28 अक्टूबर 1938 को अंबिकापुर जिले के छोटे से गांव जसवंतपुर में हुआ था। अपनी शिक्षा के उपरांत सरकारी नौकरी में आने के बाद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सम्पर्क में आये। समाज की तात्कालीन परिस्थितियों व राजनीतिक चुनौतियों से वह व्यथित थे। ऐसे में उन्होंने जनसेवा के लिए जनसंघ का मार्ग वरण किया। संगठन कार्य के लिए उन्होंने शासकीय सेवा से त्याग पत्र देकर 1967 में वे जनसंघ में शामिल हुए और उसी साल सामरी विधानसभा से चुनाव लड़कर ऐतिहासिक जीत हासिल की। वे अविभाजित मध्यप्रदेश में श्रम राज्य मंत्री रहे। इसके उपरांत उनकी व्यापक लोकप्रियता और कार्यकुशलता को देखते हुए पार्टी ने 1977 में सरगुजा लोकसभा का उम्मीदवार बनाया। इस चुनाव में भी जनता का उन्हें भरपूर स्नेह मिला और वे विजयी रहे। संसदीय प्रक्रिया के जानकार व श्रमिकों के मुद्दों को लेकर हमेशा मुखर रहने वाले श्री लरंग साय को प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई की नेतृत्व में बनी सरकार में श्रम एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री बनाया गया। संसदीय कार्य मंत्री के रूप में संसद के सफल संचालन में उनकी विशेष भूमिका रही। प्रतिपक्ष के साथ उनके बेहतर संबंधों का आज भी उदाहरण दिया जाता है।

## श्रद्धेय अटलजी का मिला विशेष स्नेह


1980 में श्री लरंग साय पुनः विधायक निर्वाचित हुए। 1989 व 1998 के लोकसभा चुनाव में सरगुजा की जनता ने उन्हें फिर से दिल्ली भेजा। भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का उन्हें विशेष स्नेह मिला। उनके साथ छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण को लेकर हमेशा सक्रिय रहे। छत्तीसगढ़ एवं विशेष रूप से सरगुजा अंचल में उन्हें लोग अत्यंत आदर भाव से सम्मान देते हैं। स्थानीय लोगों ने उनके कृतित्व को याद करते हुए रामानुजगंज में उनकी प्रतिमा भी स्थापित की है।

## सरगुजा क्षेत्र को दी कई सौगात

अपने संसदीय कार्यकाल के जीवन में सामान्य जन की परेशानियों को जानने खुद के जीवन में कठोरता के साथ उन चीजों का पालन करते थे, जिससे समाज का हर वर्ग वंचित होता था। सरगुजा क्षेत्र की कन्हार नदी में पुल न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। ऐसे में वे तात्कालीन सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए अक्सर नाव से ही नदी पार करते थे। उनका संकल्प था जब तक पूल नहीं बन जाता तब तक वह जनता के समस्या के समाधान के लिए ऐसे सत्याग्रह करते रहेंगे। उन्होंने शंख नदी पर भी पूल निर्माण करवाकर सरगुजा क्षेत्र को अन्य राज्यों से जोड़ने के साथ ही रेल लाइन के माध्यम से राष्ट्र से जोड़ा।

## उनके स्मृतियों को संजोया गया

स्व. लरंग साय सामान्य जन के लोगों की परेशानियों से कितने जुड़ाव महसूस करते थे, इसका अंदाजा उनके उस संकल्प से होता है, जिसमें उन्होंने तब तक अपने घर में बिजली का उपयोग नहीं किया, जब तक उनके पूरे लोकसभा क्षेत्र में सबके घरों में बिजली नहीं लग जाती। भाजपा के वरिष्ठ नेता मेजर अनिल सिंह ने बताया कि श्रद्धेय लरंग साय के साथ सरगुजा क्षेत्र में प्रवास करना अत्यंत प्रेरक होता था। वे संसदीय कार्य से समय निकाल कर कृषि कार्य भी करते थे। सांसद व विधायक रहते हुए भी वे सुविधा भोगी कभी नहीं रहे, वे जब भी सरगुजा शहर में होते तो रिक्शे से ही प्रवास करते थे। स्व. लरंग साय का निधन 7 जनवरी 2004 को हो गया। ●●●


भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# स्वच्छता अभियान अब सामाजिक आंदोलन का स्वरूप ले चुका है : साय

## प्रदेशभर में भाजपा ने मनाया सेवा पखवाड़ा



हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। शहरों, गांवों एवं प्रदेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता अभियान अब सामाजिक आंदोलन का स्वरूप बन चुका है। जन-जागरूकता से ही प्रदेश स्वच्छ और सुंदर बनेगा। झाड़ू लगाते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह संदेश दिया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरुआत करते हुए उन्होंने नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और तेलीबांधा तालाब परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की। उन्होंने स्वच्छता दीदियों तथा शहर को स्वच्छ बनाने में सहभागिता देने वाले सामाजिक संस्थाओं ग्रीन आर्मी, बंच ऑफ फूल्स, कुछ फर्ज हमारा भी और एवेंजर्स ग्रुप के साथ ही समाज सेविका श्रीमती शुभांगी आप्टे को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के शुभारंभ पर आयोजित स्वच्छता मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने नए स्वच्छता वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मैं स्वच्छता दीदियों को शत्-शत् नमन करता हूं। वे घर-घर जाकर कचरे का संग्रहण कर रही हैं और स्वच्छता में महत्वपूर्ण सहभागिता निभा रही हैं। वे सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग कर रिसायक्लिंग और खाद बनाने के लिए भेज रही हैं। इस कार्यक्रम में मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रायपुर जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल और प्रफुल्ल विश्वकर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रदेश भर में मना सेवा पखवाड़ा

प्रदेश भर में सेवा पखवाड़ा के दौरान विविध कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें संगठन जिला के सभी 35 जिलों सहित, बूथ, मतदान केंद्रों में आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। ●●●

# प्रोफेशनल्स भी पॉलिटिक्स में आएं: नड्डा


## राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने सदस्यता टोली की ली बैठक




भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के रायपुर प्रवास से प्रदेश भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में ऊर्जा का संचार हुआ। सदस्यता अभियान के दौरान हुए इस प्रवास से भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं को न सिर्फ दिशा मिली, बल्कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के पाथेय से स्थानीय समाज व विशेष रूप से युवाओं के बीच राजनीतिक प्रतिबद्धता को लेकर एक अहम संदेश गया है। अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नालंदा परिसर में पहुंचकर छात्रों से भाजपा की सदस्यता की अपील की।

### युवाओं से साझा किया पीएम मोदी का विजन

राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का जो सपना देखा है, उसे पूर्ण करने में युवाओं की भूमिका अहम होगी। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि प्रोफेशनल्स पॉलिटिक्स में नई सोच के साथ आएं। इससे राष्ट्र को नई दिशा मिलेगी। इसलिए युवाओं की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि प्रोफेशनल के पॉलिटिक्स में आने से शुचिता की सोच को और बेहतर स्थान मिलेगा। हमारी लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को राजनीति में आना चाहिए।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# प्रधानमंत्री की अपील : सभी जुड़ें कमल से






भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश कार्यालय में सदस्यता अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समुचे राष्ट्र से संगठन के महापर्व में जुड़ने का अपील कर रहे हैं। यह महापर्व हम सब के लिए सदैव अविस्मरणीय हो। हम सबको प्रधानमंत्री के इस सूत्र वाक्य को अंतिम व्यक्ति तक ले जाने की जरूरत है। दिल से, दल से, जुड़े कमल से। पूरे देश के साथ छत्तीसगढ़ में भाजपा के सदस्य बनने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हम अपने लक्ष्यों को पूर्ण कर लेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, सदस्यता अभियान राष्ट्रीय प्रभारी विजया राहटकर, प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंहदेव सहित मंत्री, सांसद, विधायक, जिलापंचायत अध्यक्ष, महापौर, सहित प्रदेश सदस्यता अभियान टोली, प्रदेश महामंत्री, संभाग प्रभारी, सहप्रभारी मौजूद थे।

## सादर नमन



भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रायपुर के केनाल रोड स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सादर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, अनुसूचित जनजाति मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पूर्व सांसद श्री गोपाल व्यास जी के निवास पहुंचे

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद श्री गोपाल व्यास जी के विधायक कॉलोनी स्थित निवास पहुँच कर श्री व्यास जी व परिजनों से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने श्री व्यास जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई।



## मोर बूथ-मोर अभियान

- पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सदस्यता संकल्प अभियान चला
- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गृहग्राम बगिया में हुए शामिल
- मुख्यमंत्री श्री साय ने किया आह्वान, हमें सदस्यता के संकल्प को पूर्ण करना होगा
- हमारा 50 लाख से अधिक सदस्य बनाने का है संकल्प

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक को भाजपा से जोड़ना होगा : विष्णु देव साय

अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने गृहग्राम बगिया में 'मोर बूथ-मोर अभियान' सदस्यता कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय हम सभी के आदर्श पुरुष और मार्गदर्शक हैं, जिन्होंने हम सबको एकात्म मानववाद और अंत्योदय का पाठ पढ़ाया। आज उनके बताये रास्ते पर चलकर हम छत्तीसगढ़ के लोगों की उन्नति के लिए काम कर रहे हैं। अंत्योदय का अर्थ है समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति की सेवा, जिसके लिए हम पूर्ण रूप से संकल्पित हैं। सीएम साय ने सदस्यता अभियान के तहत स्थानीय निवासियों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसके 18 करोड़ सदस्य हैं। पार्टी द्वारा हर 6 साल में संगठन पर्व सदस्यता अभियान और 'मोर बूथ-मोर अभियान' के तहत सदस्यों के नवीनीकरण का कार्य, पार्टी के अंत्योदय के लक्ष्य और पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। हर बूथ में जाएंगे, 100 सदस्य बनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को इस अभियान से जुड़कर सदस्यता अभियान को सफल बनाना होगा। हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर भाजपा से जोड़ना होगा।






# हम सब पंडित दीनदयाल जी के उपासक : किरण देव

जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 108वीं जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव व उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने उनके प्रतिमा का अनावरण कांकेर जिले के चारामा स्थित बस स्टैण्ड चौराहे पर किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी हम सबको समाज जीवन में सुचिता के साथ कार्य करने का जो सूत्र वाक्य दिया है वह सदैव हम सबके लिए समाज उत्थान का मूल मंत्र है। हम सब दीनदयाल जी के सच्चे उपासक हैं। उन्होंने समाज कल्याण के लिए जिस विचारधारा की नींव रखी थी उनके जीवन दर्शन को समाज के अंतिम व्यक्ति तक ले जाना अंतिम लक्ष्य है।

**पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की विचारधारा हमारी स्थाई पहचान : अरूण साव**

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि हम सब दीनदयाल जी मार्ग पर चलकर अन्त्योदय माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को ले जा रहे हैं। उन्हें यह हमारी सच्ची और विनम्र श्रद्धांजलि है। उन्होंने जो स्वप्न देखा था। उसे पूर्ण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिसे सबकी साझेदारी से पूरा करेंगे। उनका वैचारिक दर्शन ही हम सबकी स्थाई पहचान है जिसे अक्षुण बनाने की जरूरत है।

कांकेर सांसद भोजराज नाग ने कहा कि पं. दीनदयाल जी ने एकात्म मानववाद की जिस वैचारिक दर्शन को समाज को दिया है वह दर्शन समग्र समाज के विकास में हमारी शक्ति है। सदैव उनके पथ पर चलकर हम उनके विचारों हर पीढ़ियों में पहुंचाने का काम करेंगे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर सदस्य संकल्प दिवस मनाया

जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के जयंती 25 सितम्बर को भाजपा सदस्यता अभियान को और मजबूती देने पूरे प्रदेश में 'मोर बूथ-मोर अभियान' चलाया गया। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दोकड़ा मंडल के बगिया बूथ में शामिल हुए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव नगरनार मंडल के आसना बूथ क्र. 20 में अभियान में हिस्सा लिया। वहीं उप मुख्यमंत्री अरूण साव लोरमी उत्तर के तुलसाघाट बूथ व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा शहर के बूथ क्र. 234 में जाकर शामिल हुए। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय दुर्ग शहर के बूथ क्र.173 व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विधायक लता उसेंडी बूथ मसोरा-2 में शामिल हुईं। इसके साथ ही मंत्री, विधायक, सांसद व पार्टी पदाधिकारी इस अभियान में शामिल हुए।




भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...




"आज का विरोधी कल हमारा मतदाता बने। कल का मतदाता परसों हमारा सदस्य और परसों का सदस्य हमारा सक्रिय कार्यकर्ता बने।

-पं. दीनदयाल उपाध्याय"



"हमारी पार्टी का मानना है कि भारत का भविष्य भारतीय संस्कृति और मर्यादा की उचित सराहना और अनुप्रयोग में निहित है।

-डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी"



"भारतीय जनता पार्टी एक दल नहीं, एक विचार है... जिसका ध्येय राष्ट्र निर्माण है, जन कल्याण है।

-भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी"

# युवा भाजपा से जुड़ेंगे, राष्ट्र और होगा मजबूत : किरण देव








## सदस्यता रथ यात्रा

- 5500 किलोमीटर की यात्रा हुई पूर्ण
- 1350 स्थानों से होकर गुजरी सदस्यता रथ यात्रा
- 2 लाख से अधिक सदस्य बने
- पहले चरण में करीब 2 लाख 60 हजार नए सदस्यों को भाजयुमो ने जोड़ा
- प्रदेश भर में चलायाा गया विशेष सदस्यता अभियान

भाजपा युवा मोर्चा ने सदस्यता अभियान को और गति देने प्रदेश के 20 अलग अलग जगहों से सदस्यता रथ यात्रा की प्रारंभ की है। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने जगदलपुर से यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो एक छोटे से कार्यकर्ता को सर्वोच्च दायित्व तक पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि मैं आपकी तरह युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष हुआ करता था और पार्टी सदस्यता के लिए जुटते थे। अब यह जिम्मेदारी आप सब युवाओं के हिस्से है कि अधिक से अधिक युवा पार्टी के साथ कैसे जुड़े। उनकी भागीदारी कैसे सुनिश्चित हो, यह तय करना होगा। उन्होंने कहा कि युवा भाजपा से जुड़ेगा विकसित राष्ट्र का संकल्प और मजबूत होगा। सदस्यता यात्रा का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मनेन्द्रगढ़ से, रायपुर से केदार कश्यप और सांसद विजय बघेल ने दुर्ग से सदस्यता यात्रा रथ को रवाना किया। 4 अक्टूबर से प्रारंभ यह यात्रा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से होकर 11 अक्टूबर को सम्पन्न हुआ। इसमें करीब 5500 किलोमीटर की यात्रा के दौरान युवाओं से भाजपा में जुड़ने की अपील की। अभियान में मंत्री, सांसद, विधायक, भाजयुमो पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

वहीं, भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष रवि भगत ने कहा कि राष्ट्र की विकास की परिकल्पना को पूर्ण करने युवा शक्ति की भूमिका अहम रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि विकसित भारत की संकल्प में राष्ट्र का युवा जुड़े और इसी अभियान का हिस्सा ही हमारा यह यात्रा अभियान है।





भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# सफल हो सदस्यता अभियान, हमारा एक मात्र संकल्प




भाजपा छत्तीसगढ़ में सदस्यता टोली इस अभियान को लेकर हर मोर्चे पर सक्रिय है। केन्द्रीय संगठन जो लक्ष्य दिया था उसे पूर्ण करने के लिए पार्टी का प्रत्यक कार्यकर्ता जुटा हुआ है अब तक के तय लक्ष्य में करीब 36 दिनों के भीतर 36 लाख से अधिक सदस्य बन चुके हैं। 2014 में 22 लाख सदस्य बने थे 2019 में 9 लाख सदस्य बने थे उस समय कोविड का भी प्रकोप था और वहीं भाजपा ने 2024 में 36 लाख से अधिक सदस्य बनाये हैं केन्द्रीय संगठन ने 50 लाख से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है जिसे पूर्ण करने की दिशा में सभी जुटे हुए हैं अभी का यह आंकड़ा मात्र एक पड़ाव है।

## हम लक्ष्यों के हैं करीब : अनुराग सिंहदेव



भाजपा के संगठन महापर्व-सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक व प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने हमें 50 लाख से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है, जिसे पूर्ण करने की दिशा में हम सतत् जुटे हुए हैं। मंत्री, सांसद, विधायक व पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं का जो लक्ष्य सदस्यता को लेकर तय किया गया है। उसे लक्ष्यों को पूर्ण करने में सफलता मिल रही है। हमें उम्मीद है कि हम अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण कर लेंगे। ऑनलाइन के साथ ही ऑफलाइन सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसका बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। युवा मोर्चा द्वारा सदस्यता रथ यात्रा निकाली गई थी। जिसके सार्थक परिणाम आए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सदस्यता अभियान के 40 दिन पूर्ण हो चुके हैं और करीब 40 लाख सदस्य भाजपा से जुड़ चुके हैं। हम अपने लक्ष्यों के करीब हैं और जल्द ही पूरा कर लेंगे।



भाजपा कार्यकर्ता, लोगों की सेवा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहते हैं और सेवा ही उनकी सर्वोच्च प्रथमिकता रहती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



अन्य पार्टियों की कथनी और करनी में फर्क हो सकता है, लेकिन भाजपा अकेला ऐसा संगठन है जो गर्व के साथ ये कह सकता है- जो कहा था, वो किया है और जो कहेंगे, वो करेंगे।

-जेपी नड्डा, राष्ट्रीय अध्यक्ष



यदि संगठन के 11 करोड़ सदस्यों का संकल्प बल इकट्ठा होता है तो भारत के विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता है। यही पं. दीनदयाल जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

-अमित शाह, गृहमंत्री




# लक्ष्यों को पूरा करने हर मोर्चे पर जुटना होगा : जम्वाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता जिस संकल्प को ले लेता है उसे पूर्ण करने के बाद ही विश्राम करता है। हमने जो संकल्प सदस्यता का लिया है उसे पूर्ण करने कोई कसर हम नहीं छोड़ रहे हैं। मंडल से लेकर बूथ और जिला स्तर तक सदस्यता अभियान को जिस तरह से सफलता मिल रही है हम अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर हैं। 2014 में हमने 22 लाख सदस्य बनाए थे 2019 में 9 लाख उस समय कोविड भी हमारे सामने चुनौती थी। और अब 2024 में 32 लाख से अधिक सदस्य अब तक बन चुके हैं। जो हमारे निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में एक पड़ाव मात्र है।




# सफलता के लिए परिश्रम जरूरी : पवन साय

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि प्रदेश में सदस्यता की पूरी टोली जिस तरह से जुटी है उसके साथ ही जिलावार संगठन के सारे पदाधिकारी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। हम लगातार केन्द्रीय संगठन द्वारा तय लक्ष्यों को पूरा करने में सफल हो रहे हैं। निर्धारित समय में लक्ष्यों को पूर्ण करने की दिशा में और जुटना होगा। प्रदेश सदस्यता संयोजक अनुराग सिंहदेव ने कहा कि हर मोर्चा-प्रकोष्ठ सहित सभी के जो लक्ष्य तय किये गये हैं उस दिशा में हमें आशातीत सफलताएं मिल रही है। फिर भी लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए हमें और सक्रियता से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता रथ यात्रा निकाली गई है उसमें युवा मोर्चा की सहभागिता अधिक हो इस पर भी सभी को जुटने की जरूरत है।






# हम सदस्यता का लक्ष्य को जरूर पूर्ण करेंगे: नितिन नबीन

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने छत्तीसगढ़ भाजपा को सदस्यता का लक्ष्य 10 लाख बढ़ाकर 60 लाख सदस्यता का लक्ष्य दिए जाने के परिप्रेक्ष्य में सदस्यता प्रभारी, सह प्रभारी, जिला अध्यक्षों और जिला सदस्यता प्रभारियों की बैठक ली। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आहूत इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव व प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित सदस्यता टोली के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे। भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक सदस्य पूरी सक्रियता के साथ सदस्यता अभियान में लगा हुआ है। सभी चीजों का आँकलन करने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के लिए सदस्यता का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे अब 10 लाख बढ़ाकर 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि हर जिले का लक्ष्य 20 प्रतिशत बढ़ाया है। जिसके आधार पर हम लक्ष्यों को पूरा कर लेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि जो लक्ष्य केंद्रीय संगठन ने तय किया है। हम उसे पूर्ण करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सभी के मिलकर हम इस अभियान को सफल बनाएंगे। इस बैठक में प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, भाजपा सदस्यता टोली के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, सह संयोजक डॉ. नवीन मार्कंडेय, सांसद रूपकुमारी चौधरी, श्रीनिवास राव मद्दी, विकास मरकाम सहित पदाधिकारी मौजूद थे।





भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...



हम सभी मिलकर अपना समय देंगे, पूरी लगन से काम करेंगे और सदस्यता के लक्ष्य को अवश्य पूरा करेंगे।

-विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री



विश्व में भाजपा एक मात्र राजनीतिक दल है, जिसका संगठन ही मजबूत आधार है। इसकी महत्वपूर्ण कड़ी सदस्यता अभियान है।

-किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष



प्रदेश में सदस्यता अभियान को व्यापक सफलता मिल रही है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

-नीतिन नबीन, भाजपा प्रदेश प्रभारी

# कंडेल नहर सत्याग्रह की प्रत्यक्षदर्शी राम्हीन प्रजापति ने ली भाजपा की सदस्यता



राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन के साक्षी रही 109 वर्षीय राम्हीन प्रजापति ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं उसी से प्रेरित होकर भाजपा की सदस्यता ली है। इसके साथ ही वे भाजपा से जुड़ने के लिए सभी को प्रेरित कर रही है। उनके सदस्यता अभियान में धमतरी जिले के प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूत थे।

# सदस्यता अभियान के जरिये प्रतिभावानों का डेटा एकत्रित करेगी भाजपा

भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के माध्यम से प्रदेश भाजपा प्रतिभा पंजीकरण अभियान से एक नवाचार चलाने जा रही है। जिसमें प्रदेश के प्रतिभा पंजीकरण पत्र के माध्यम से ऐसे प्रतिभावान लोगों को संगठित करेगी जो समाज जीवन में अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से पहचान बना चुके हैं। भाजपा प्रदेश सदस्यता संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया कि इस अभियान के लिए एक अलग से फार्म प्रतिभा पंजीकरण पत्र के माध्यम से सदस्यता प्राप्त सदस्यों को भरवाया जाएगा। जिनका रूझान, खेल, गायन, भाषण, लेखन व सोशल मीडिया, आईटी जैसे क्षेत्रों में रहा हो और अपनी विलक्षण प्रतिभा के लिए सम्मान प्राप्त कर चुके हों। ऐसे लोगों की अलग से प्रतिभा के आधार पर पंजीकरण किया जाएगा। जिसके लिए सदस्यता टोली ने एक अलग से प्रोफार्म तैयार किया है। ऐसे चयनीत सदस्यों को पार्टी अलग-अलग मंचों पर स्थान देकर उनके प्रतिभा को और निखारने का काम करेगी।




## विराजे थे अनूठा गणेश जी

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर एक अनूठा प्रयास किया गया था। जिसमें गणेश जी की एक प्रतिमा विराजे थे जो सदस्यता अभियान को लेकर प्रेरणास्रोत बने हुए थे। इस गणेश जी की प्रतिमा में सदस्यता अभियान की पूर्ण जानकारी थी। जिसे लेकर एक उत्साह था कि पूजन के बाद उस संदेश को हर कोई पढ़ रहा था।

## अब ऑफ लाइन से भी बन रहे हैं भाजपा के सदस्य

भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान में ऑनलाइन अभियान के साथ ही अब ऑफ लाइन सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है। पूरे प्रदेश में ऐसे इलाके जहां पर नेटवर्क विहीन हो या मोबाइल सेवा का उपयोग नहीं किया जा रहा हो, ऐसे स्थानों पर ऑफ लाइन सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। ऑफलाइन सदस्य मेनुअल फार्म के माध्यम से बनाए जा रहे हैं। जिसके लिए जिला, मंडल व बूथवार प्रशिक्षित टीमों की तैनाती की गई है जो इस कार्य में जुटे हुए हैं। जिन इलाकों में मोबाइल नेटवर्क का जुड़ाव नहीं हो पा रहा है वहां ऑफ लाइन सदस्यता को भी चल रहा है।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...



भाजपा के प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा नगरी सिहावा विधानसभा के नक्सल प्रभावित क्षेत्र रिसगांव में पहुंचकर सदस्यता अभियान में शामिल हुए।

## सदस्यता अभियान की बैठक में हुई प्रसंशा

भाजपा के सदस्यता अभियान के बीच कांकेर जिले की घटना देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसमें अंतागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग सुरूर क्षेत्रों में सदस्यता अभियान के बीच नदी के बाढ़ में फंसने के बाद भी हार नहीं मानी। अपने सुझबूझ और कर्मठता से खुद के साथ साथियों की भी जान बचाई। और भाजपा के लक्ष्य को पूरा करने में फिर जुट गए। दिल्ली में हुए भाजपा की राष्ट्रीय बैठक में राधेलाल नाग के काम की तारीफ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ सदस्यता अभियान के प्रभारी विजया रहाटकर ने भी की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व भाजपा की राष्ट्रीय सचिव रहाटकर ने फोन पर नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलालनाग से चर्चा कर उनका हालचाल जाना। वहीं राष्ट्रीय संगठन की भी सराहना मिली। दिल्ली में हुए सदस्यता अभियान की बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, सांसद रूपकुमारी चौधरी मौजूद थीं।



## प्रदेशभर में चलेगा सक्रिय सदस्यता अभियान

भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत सक्रिय सदस्यता अभियान 16 से 30 अक्टूबर के बीच होगा अभियान की जानकारी देते हुए सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति के संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक मंडल में 200 कुल 1 लाख सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है इसके लिए वर्चुअल राष्ट्रीय कार्यशाला 8 अक्टूबर एवं प्रदेश की कार्यशाला 9 अक्टूबर को संपन्न हुई। 11 से 14 अक्टूबर तक जिलों में प्रत्यक्ष रूप से कार्यशालाएं आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल हुए। प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि 1 से 4 नवंबर तक सक्रिय सदस्यता के फॉर्म का सत्यापन व अनुमोदन होगा एवं 5 नवंबर को जिला द्वारा सक्रिय सदस्यों की सूची जारी की जाएगी समिति में सांसद रूपकुमारी चौधरी व विकास मरकाम सदस्य बनाए गए हैं जिला स्तर पर भी इस कार्य हेतु समितियां बनाई गई है। भाजपा के सदस्यता अभियान को छत्तीसगढ़ में बहुत अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है, लगातार सदस्यता कि संख्या में बढ़ रहा है और हर वर्ग के लोगों ने सदस्यता अभियान को लेकर काफी उत्साह दिखाया है।



"संगठन ही हमारा आधार है। इस आधार को और मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान एक अहम कड़ी है।"

-अरुण साव, उपमुख्यमंत्री



"भाजपा के प्रति जो विश्वास आमजन के मन में है वह सदस्यता अभियान की सफलता को प्रदर्शित करता है।"

-विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री



"सदस्यता अभियान हमारे संगठन का महापर्व है। इसमें सभी उत्साह के साथ इस अभियान में शामिल हो रहे हैं।"

-विजया रहाटकर, प्रदेश सदस्यता प्रभारी



# हर्षित हरियाणा में फिर खिला कमलः नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा विधान सभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत एवं जम्मू-कश्मीर विधान सभा चुनाव में भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित "हरियाणा एवं जम्मू-कश्मीर की जनता का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार" कार्यक्रम को संबोधित किया और हरियाणा एवं जम्मू-कश्मीर की महान जनता को नमन करते हुए कांग्रेस पर करारा प्रहार किया। कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हम सबसे सुना है कि जहां दूध-दही का खाना, वैसा है अपना हरियाणा। हरियाणा ने फिर कमाल कर दिया और कमल कमल कर दिया है। भाजपा की सरकार तीसरी बार हरियाणा में आई है। हमें हर जाति-हर वर्ग ने वोट दिया। गीता की धरती पर सत्य की जीत हुई है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में दशकों के बाद आखिरकार शांतिपूर्ण चुनाव हुए। नतीजे आए, ये भारत के संविधान, लोकतंत्र की जीत है। जम्मू-कश्मीर की जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस को ज्यादा सीट दी हैं, लेकिन वोट शेयर के हिसाब से भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। मैं सभी कार्यकर्ताओं के तप के लिए नमन करता हूं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हरियाणा की ये जीत कार्यकर्ताओं के अथाह परिश्रम का परिणाम है। हरियाणा की जीत हरियाणा की टीम और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा के प्रयासों की जीत है। हरियाणा की ये जीत नम्र-विनम्र हमारे मुख्यमंत्री के कर्तव्यों की भी जीत है। हरियाणा की जनता ने नया इतिहास रच दिया है। हरियाणा का गठन 1966 में हुआ था। इतने दिनों में बड़े-बड़े दिग्गजों ने राज किया। एक समय हरियाणा के दिग्गजों का नाम पूरे देश में चर्चा में रहते थे। हरियाणा में अब तक 13 चुनाव हुए हैं। इनमें से 10 चुनाव में हरियाणा के लोगों ने हर 5 साल के बाद सरकार बदली। पहली बार ऐसा हुआ है जब 5-5 साल को दो कार्यकाल पूरे करने वाली किसी सरकार को तीसरी बार मौका मिला हो। हरियाणा में लोगों ने हमारी सरकार ही नहीं बनाई, सीटें भी ज्यादा दी हैं और वोट शेयर भी ज्यादा दिया है। ऐसा लगता है हरियाणा के लोगों ने छप्पर फाड़कर दिया है। इस जीत की गूंज दूर-दूर तक जाएगी।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# प्रगति का प्रदेश बन रहा छत्तीसगढ़ : साय



## प्रदेश की विकास पर दिल्ली में हुई मंथन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिल्ली प्रवास के दौरान सौजन्य भेंट की। छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर केंद्र सरकार बेहद ही संवेदनशील है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ के समग्र विकास हो और विकसित भारत के संकल्प के साथ-साथ विकास कैसे हो इस पर उनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। वहीं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ हुई बैठक में छत्तीसगढ़ के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी देकर राज्य को एक बड़ी सौगात दी है। इस राशि से चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास किया जाएगा, जो छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ करेगा। इस दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी मौजूद थे।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति पर चर्चा की गई, इसके साथ ही चार प्रमुख राजमार्गों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) बनाने की मंजूरी दी गई। बैठक में जिन चार मुख्य परियोजनाओं पर चर्चा हुई, उनमें उरगा-कटघोरा बाईपास (NH-149B), बसना से सारंगढ़ (माणिकपुर) फीडर रूट, सारंगढ़ से रायगढ़ फीडर रूट, और रायपुर-लखनादोन आर्थिक गलियारा शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल लंबाई 236.1 किलोमीटर है। जिसके लिए केन्द्रीय मंत्री ने कुल 9208 करोड़ स्वीकृत किया है। इसके साथ ही केन्द्रीय सड़क निधि के तहत 908 करोड़ के आठ कार्यों को स्वीकृत प्रदान की गई है। केशकाल घाट व धमतरी-जगदलपुर मार्ग के चार लेन चौड़ीकरण कार्य की भी मंजूरी दी गयी।

एनएचएआई के तहत रायपुर-विशाखापट्टनम मार्ग एवं बिलासपुर-उरगा-पत्थलगांव मार्ग को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं, पत्थलगांव से कुनकुरी-झारखंड बॉर्डर मार्ग को एक समय सीमा पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं, सड़कों के विकास के लिए 1200 करोड़ की अतिरिक्त राशि की स्वीकृति मिली है।

नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात की। इस मौके पर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना, कॉनकोर ड्राईपोर्ट में नई शिपिंग लाइनों का विस्तार, कृषि व खाद्य प्रसंस्करण निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 'अपेडा' कार्यालय की स्थापना, स्पेशल इकोनॉमिक जोन और रायपुर हवाई अड्डे पर अंतर्राष्ट्रीय एयर कार्गो की सुविधा सहित प्रदेश के विकास को गति देने वाले महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। ।•••





विष्णुदेव साय

# छत्तीसगढ़ में आवास क्रांति के प्रणेता मोदीजी





स्वतंत्रता के उपरांत जन्म लिए पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदीजी का आज देश जन्मदिन मना रहा है। भारत और भारतीयता को शिखर पर ले जाने वाले, मां भारतीय के पुरा वैभव को पुनः स्थापित करने, प्राण-पण से जुट कर परिश्रम की पराकाष्ठा के साथ देश सेवा में अहर्निश जुटे हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी वास्तव में भारतीय लोकतंत्र के लिए ईश्वर का दिया एक मूल्यवान वरदान ही हैं।

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के कर्णधार, दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सबसे लोकप्रिय नेता, विश्व के कूटनीतिक जगत का अग्रदूत, युद्ध की आग में झुलस रहे देशों के मध्य बुद्ध का संदेश प्रसारित कर शांति की प्रेरणा देने वाले, भारत-भारतीय और भारतीयता के प्रतिनिधि पुरुष श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के व्यक्तित्व को व्याख्यायित करना कठिन है।

विकसित भारत का संकल्प लेकर उसे सिद्ध करने में सवा अरब जनता को सतत प्रेरित करने वाले मोदीजी का छत्तीसगढ़ की जनता के लिए अगाध स्नेह किसी से छिपा नहीं है। आज हम प्रदेश में जो कुछ भी बेहतर कर पा रहे हैं, वह मोदीजी की प्रेरणा और उनके कारण ही संभव हो पा रहा है। आज आभासीय रूप से मोदीजी अपने जन्मदिन पर छत्तीसगढ़ के 8.50 लाख से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास का उपहार देने वाले हैं, तो वह भी प्रदेश-देश के प्रति उनके इसी स्नेह को दर्शाता है। हम सब जानते हैं कि मोदीजी का संकल्प एक ऐसे भारत का निर्माण करना है, जहां हर व्यक्ति के सर पर पक्की छत हो, सबके लिए सुलभ शिक्षा, सहज स्वास्थ्य, साफ-सफाई, शौचालय, सड़क, स्वच्छ जल, पेट भर अनाज समेत हर वह मूलभूत सुविधाएं देशवासी के दरवाजे पर प्राप्त हो, जिसके बारे में पहल करना तो दूर की बात है, सोचने का साहस भी पिछले किसी नेता में नहीं था।

भारत जैसे देश, जिसकी जनसंख्या यूरोप और अमेरिका की पूरी आबादी से भी बहुत अधिक हो, वहां अल्प संसाधन में ये तमाम सुविधाएँ बिना किसी लीकेज के उपलब्ध करा पाना किसी चमत्कार से कम नहीं है। असंख्य चुनौतियों वाले भारत जैसे देश में सबसे कठिन होता है एकता के सूत्र को तलाशना और उसे मज़बूत करते रहना। यह चुनौती विशेषकर तब और अधिक बड़ी हो जाती है, जब विपक्ष के लोग सत्ता पक्ष को दुश्मन के जैसा समझता हो। राजनीतिक मतभेदों को देश की सीमा से बाहर समेत हर



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

सीमा का उल्लंघन करते हुए, देश से ही दुश्मनी तक पहुंच जाने वाले विपक्ष के बीच विकास का कमल खिलाते रहना वास्तव में असंभव सी दिखती चीज़ है, जिसे मोदीजी अपनी कुशलता, निष्ठा और समर्पण से संभव बना पा रहे हैं।

जैसा कि ऊपर वर्णित है, आज मोदीजी 8 लाख से अधिक पक्के आवास केवल छत्तीसगढ़ को देंगे, साथ ही कुल 7 करोड़ पक्के आवास देश में बनाने का उनका भगिरथ प्रण है मोदीजी का। इनमें आधे लगभग बन भी गए हैं, शेष को भी द्रुत गति से बनाने का लक्ष्य शीघ्र ही पूरा होगा। राज्या सरकारें भी अपना राज्यांश देकर मोदीजी के इस यज्ञ में अपना योगदान दे रही हैं। एक औसत भारतीय परिवार की संख्या पांच मानी जाती है, ऐसे में यह कहा जा सकता है कि अपने इस कार्यकाल तक लगभग 35 करोड़ लोगों के सर पर पक्की छत देने का पुण्य मोदीजी के नाम पर होगा। ऐसी जनकल्याणकारी योजना पर अमल विश्व के लोकतंत्रिक इतिहास में न तो कभी हुआ है, और न ही आगे होने की संभावना है।

जब हम प्रधानमंत्री आवास की बात करते हैं तो मुझे याद आता है कि किस तरह छत्तीसगढ़ में यह केवल इस दुराग्रह की भेंट चढ़ गया था कि तब के मुख्यमंत्री का कहना था कि क्योंकि इस योजना में 'प्रधानमंत्री' शब्द है इसलिए छत्तीसगढ़ में आवास नहीं बनने देंगे। तब के विभागीय मंत्री ने इसके विरोध में इस्तीफा तक दे दिया, कच्चे आवास गिरने से पीएम आवास की प्रतीक्षा सूची के परिवारों तक का निधन होने लगा था, हमने तब बड़े-बड़े आंदोलन किए, लेकिन फिर भी तब की कांग्रेस सरकार का दिल नहीं पिघला।

तब भाजपा ने यह संकल्प लिया था कि सरकार में आने पर मुख्यमंत्री अपने आवास में जाने से पहले पीएम आवास की फ़ाइल पर हस्ताक्षर करेंगे। ऐसा ही किया भी। राज्यांश नहीं दिए जाने के कारण जो आवास वापस चले गए थे, उसे लाने की प्रक्रिया पूरी की गयी और आज प्रधानमंत्री जी अपने जन्मदिन पर 8 लाख 46 हजार 931 आवास का उपहार लेकर आ रहे हैं। आवास निर्माण की यह प्रक्रिया तब तक समाप्त नहीं होगी जब तक एक भी कच्चा मकान छत्तीसगढ़ में शेष है, यह मोदी की गारंटी है।

आवास की तरह ही देशवासियों को 'आवाज' देने का प्रण भी पूरा करने में छत्तीसगढ़

**जब हम प्रधानमंत्री आवास की बात करते हैं तो मुझे याद आता है कि किस तरह छत्तीसगढ़ में यह केवल इस दुराग्रह की भेंट चढ़ गया था कि तब के मुख्यमंत्री का कहना था कि क्योंकि इस योजना में 'प्रधानमंत्री' शब्द है इसलिए छत्तीसगढ़ में आवास नहीं बनने देंगे।**

सरकार जुटी हुई है। मोदीजी ने 'नयी शिक्षा नीति' ला कर राष्ट्रवादियों और विशेषज्ञों की दशकों पुरानी मांग को पूरा किया है। अनेक प्रतिष्ठित अध्ययनों में यह साबित हुआ है कि मातृभाषा में शिक्षा देना सबसे अधिक प्रभावी होता है। शिशु अपने महतारी की भाषा में सबसे अधिक सरलता से चीजों को सीख पाता है। अन्य तमाम सुधारों के साथ नयी शिक्षा नीति की आत्मा यही है। मोदीजी की इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ में भी नयी शिक्षा नीति ला कर छत्तीसगढ़ी समेत सभी मातृभाषाओं में प्राथमिक शिक्षा देने का निर्णय लिया है।

न केवल प्राथमिक शिक्षा बल्कि इसी शिक्षा नीति के तहत हमने यह भी तय किया है कि अब मेडिकल शिक्षा में भी अंग्रेज़ी की अनिवार्यता समाप्त होगी। एमबीबीएस की पढ़ाई अब छतीसगढ़ में छात्र हिंदी माध्यम से भी कर सकेंगे। क्योंकि हिंदी और छत्तीसगढ़ी दोनों की लीपि भी देवनागरी ही है, तो इससे और अधिक लाभ हमारे छात्रों को होगा। उन्हें विषय समाझने में और अधिक आसानी होगी। अगले ही सत्र से मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में भी प्रारम्भ होगी। निश्चित ही इसके मूल में भी मोदीजी की ही सोच और उनकी सरकार का निर्णय ही है।


भाषा, संस्कृति, धर्म, राष्ट्रीय एकता और अखंडता, अर्थव्यवस्था समेत मोदीजी ने राष्ट्र के हर क्षेत्र में अभूतपूर्व नेतृत्व कर उपलब्धियों का अम्बार लगाया है। भारत आज विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अराजक विपक्ष, कोरोना का संकट, अरबों टीके मुफ्त में लगाने, 80 करोड़ से अधिक लोगों तक मुफ्त राशन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने, तमाम तरह की कल्याणकारी योजनाएँ संचालित करने के बावजूद आज भारत अगर इस तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, तो यह निस्संदेह मोदीजी के करिश्माई नेतृत्व का ही कमाल है।

अन्य तमाम उपलब्धियों के अलावा प्रधानमंत्री जी की एक बड़ी सफलता यह भी है कि उन्होंने भारत में नागरिक चेतना को परिष्कृत किया है। जब लालक़िले के प्राचीर से मोदीजी ने स्वच्छ भारत का संदेश दिया था, शौचालय तक की बात की थी, तब आलोचकों का कहना था कि यह प्रधानमंत्री का काम नहीं है।

यह तब की बात है जब निस्संदेह स्वच्छता हमारी प्राथमिकता में कहीं शामिल नहीं होती थी। हम जैसे जनसेवक जब गांव-गांव जाते थे, तब शौचालयों के अभाव में क्षेत्र की हालत देख कर स्वयं को विवश ही महसूस करते थे। लगता नहीं था कि इस समस्या का कोई समाधान है। यह समस्या भी है, ऐसा भी तब लोग नहीं जानते थे। उसके बाद न केवल शौचालय बना कर, बल्कि स्वयं झाड़ू हाथ में लेकर मोदीजी ने हमारी सोच को भी संबोधित किया। आज अगर आपका बच्चा सड़क पर कचरा फैलाने से आपको भी रोकता है, या आप स्वयं भी ऐसा नहीं करना चाहेंगे, तो यह संदेश भी हमें कहीं न कहीं मोदीजी के आचरण से ही मिला है, निजी तौर पर भी ऐसा मेरा मानना है।

छत्तीसगढ़ जिसे अटल जी ने बनाया, वहां 'मोदी गारंटी' पर ही भाजपा को जनादेश मिला है। इसी गारंटी के आधार पर हमारी सरकार, इसे संवारने में लगातार जुटी है। मोदीजी द्वारा दिए गए सभी गारंटी को पूरा कर मोदीजी के आह्वान के आधार पर ही 'विकसित छत्तीसगढ़' बना कर, विकसित भारत के निर्माण में हम अपना अधिकतम योगदान देंगे। प्रदेश की जीएसडीपी पांच लाख करोड़ से बढ़ा कर 10 लाख करोड़ करने का लक्ष्य संधान कर मोदीजी को 'रिटर्न गिफ़्ट' देने का विनम्र प्रयास हमारी सरकार करेगी, इसे प्राप्त करने के प्रति हम प्रतिबद्ध हैं। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री, विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, मां भारती के लाड़ले सपूत, जननायक मोदीजी को जन्मदिन पर पुनः अशेष शुभकामनाएं। ।•••


# देश ने देखा वामपंथी उग्रवादियों का दिया दर्द




## नक्सल पीड़ितों की पीड़ा से अवगत हुआ देश

आज भी देश में कथित बुद्धिजीवियों का एक वर्ग ऐसा है जो वामपंथी उग्रवाद का किसी न किसी रूप में समर्थन करता है, यहां तक की उसे खादपानी देने में शहरी नक्सलियों की अहम भूमिका होती है। यह शहरी नक्सली बौद्धिक जुगाली करने के साथ कई बार उनके समर्थन में आंदोलन परिजीवी का रूप भी धारण कर लेते हैं। अब जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक प्रहार हो रहा है तो एक ओर जहां सामान्य जन में भरोसा जगा है वहीं माओवादी आतंकवाद समर्थक भी बेनकाब हो रहे हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के लगभग 70 नक्सल पीड़ितों का एक दल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके निवास पर मिला। नक्सल हिंसा से प्रभावित इन लोगों ने अपनी व्यथा साझा की और न्याय व पुनर्वास की माँग की। इस दल का नेतृत्व बस्तर शांति समिति ने किया, जो राज्य में नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति और विकास के लिए काम कर रही है।इनमें से कई लोगों ने नक्सलियों के हाथों अपने परिवार के सदस्यों को खोया है, कुछ ने अपने अंग गंवाए हैं, और कुछ पूरी तरह से अपाहिज हो गए हैं। इस दल का नेतृत्व बस्तर शांति समिति द्वारा किया गया, जो राज्य में नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति और विकास के लिए काम कर रही है।

इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य वामपंथी उग्रवाद और माओवादी आतंकवाद का घिनौना चेहरा देश के सामने लाना था। नक्सल पीड़ित हर शख्स की कहानी यह साबित करती है कि वामपंथी उग्रवाद को मानवता तथा संवेदना से कोई सरोकार नहीं है। इस मुलाकात के दौरान, गृह मंत्री ने नक्सल पीड़ितों की कहानियों को ध्यान से सुना और उनकी समस्याओं पर गंभीरता दिखाई। उन्होंने इन लोगों के संघर्ष और साहस की प्रशंसा की और आश्वासन दिया कि सरकार उनकी समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# खोई हुई खुशियों को लौटाने का काम कर रही साय सरकार

नक्सल पीड़ितों ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यों से प्रभावित होकर अपनी बात दिल्ली तक लाने का साहस कर पाए हैं। राज्य सरकार ने जिस तरह से बस्तर और अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों और सुरक्षा प्रयासों को प्राथमिकता दी है, उसने इन लोगों को यह हिम्मत दी कि वे अपनी आवाज़ दिल्ली में उठाएं। छत्तीसगढ़ सरकार की संवेदनशीलता और सक्रियता से प्रभावित होकर, पीड़ितों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में जिस प्रकार से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और पुनर्वास के लिए काम किया गया है, वह काबिल-ए-तारीफ है। राज्य सरकार ने सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक विकास को प्राथमिकता दी है, जिससे प्रभावित लोगों में नई उम्मीद जागी है। एक पीड़ित ने बताया, "हमने अपने परिवार, अंग और जीवन की खुशियाँ खोईं, लेकिन राज्य सरकार के प्रयासों ने हमें यह साहस मिला कि हम अपनी बात देश की राजधानी दिल्ली तक ला सकें। मुख्यमंत्री साय ने न केवल हमारे कष्ट को समझा बल्कि हमें यह भरोसा दिलाया कि हमारे साथ न्याय होगा।"

## नक्सल पीड़ितों की पीड़ा और संघर्ष

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के दौरान नक्सल हमलों का दंश झेल चुके लोगों ने उन्हें अपनी आपबीती सुनाई कि कैसे वामपंथी उग्रवाद ने उनके जीवन को तबाह कर दिया। किसी ने अपनों को खोया तो कोई हमेशा के लिए दिव्यांग हो गया। लोगों के शरीर में पड़े जख्म के निशान नक्सलवाद का घिनौना चेहरा सामने लाने के लिए पर्याप्त हैं। गृह मंत्री श्री शाह ने उनकी बातों को ध्यान से सुना और भरोसा दिलाया कि सरकार माओवादी आतंकवाद को समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे इन परिवारों का पुनर्वास हो सके और वे एक बार फिर सामान्य जीवन जी सकें।



## जंतर मंतर पर पीड़ितों की आवाज

गृह मंत्री से मुलाकात से पहले, नक्सल पीड़ितों का यह दल जंतर मंतर पर भी पहुँचा था, जहाँ उन्होंने अपनी समस्याओं को आम जनता के सामने रखा। इस आंदोलन का उद्देश्य था कि नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास और शांति को प्राथमिकता दी जाए, और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। एक पीड़ित ने कहा, "हमने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों और विकास कार्यों से प्रेरित होकर अपनी आवाज़ दिल्ली तक पहुंचाने का साहस किया है। अब हमें उम्मीद है कि हमारे गाँवों में स्थायी शांति आएगी और हम अपने जीवन को फिर से सुधार पाएंगे।"



## राष्ट्रपति से भी साझा किया दर्द

इस दल ने 21 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात की। इस मुलाकात में नक्सल प्रभावित इलाकों में स्थायी शांति और विकास के लिए चर्चा हुई। दल के सदस्यों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा, जिसमें सुरक्षा बलों की तैनाती, विकास कार्यों की गति बढ़ाने और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की माँग की गई। इस मुलाकात के बाद नक्सल पीड़ितों में एक नई उम्मीद जागी है कि उनके संघर्ष और पीड़ा को अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जाएगा। सरकार उनके पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाएगी, जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास का नया अध्याय शुरू होगा। ।•••






# नक्सलवाद की समस्या विकास में बाधाः शाह

## नक्सलवाद के खिलाफ छत्तीसगढ़ कारगर कदम उठा रहा है : केंद्रीय गृहमंत्री

नक्सलवाद की समस्या को लेकर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह नक्सलवाद की समस्या को लेकर नक्सल प्रभावित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से संयुक्त संवाद किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नक्सलवाद को लेकर नक्सवाद के खिलाफ चलाया जा रहे अभियान की प्रशंसा की और हर संभव मदद की भरोसा जताया।


केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 30 साल में पहली बार वर्ष 2022 में वामपंथी उग्रवाद की मृत्यु की संख्या 100 से कम रही, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 के बीच नक्सलवाद की बहुत कम घटनाएं दर्ज की गईं। इसके अलावा, 14 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज़ किया गया और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का ग्राफ भी ऊपर चढ़ा है। श्री शाह ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई आज अपने अंतिम चरण में है और मार्च, 2026 तक सभी के सहयोग से देश दशकों पुरानी इस समस्या से पूरी तरह मुक्ति पा लेगा। उन्होंने कहा कि आज बूढ़ा पहाड़ और चकरबंधा जैसे कई क्षेत्र वामपंथी उग्रवाद से पूरी तरह मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में LWE की 85 प्रतिशत कॉडर स्ट्रैंथ समाप्त कर दी गई है और अब हमें नक्सलवाद पर एक अंतिम प्रहार करने की ज़रूरत है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने छत्तीसगढ़ सरकार को बधाई देते हुए कहा कि राज्य में इस साल जनवरी से अब तक कुल 237 नक्सली मारे गए, 812 गिरफ्तार हुए और 723 ने आत्मसमर्पण किया है। गृह मंत्री ने नक्सलवाद से जुड़े युवाओं से हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर देश के विकास में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि नॉर्थईस्ट, कश्मीर और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में 13 हज़ार से ज्यादा लोग हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। श्री शाह ने कहा कि नक्सलवाद में लिप्त युवाओं से कहा कि सभी राज्यों ने उनके पुनर्वास के लिए हितकर योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद से कभी किसी का फायदा नहीं होगा, ये बात अब पूरी तरह सिद्ध हो चुकी है।

केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच 10 साल में 16463 हिंसा की घटनाएं हुई थी जो लगभग 53% की कमी के साथ अब घटकर 7700 तक सीमित रह गई हैं। इसी प्रकार नागरिकों और सुरक्षाबलों की मृत्यु में 70% की कमी हुई है, हिंसा रिपोर्ट करने वाले 96 जिले अब 57 प्रतिशत की कमी के साथ घटकर 16 रह गए हैं। हिंसा की सूचना देने वाले पुलिस स्टेशन भी 465 में से 171 रह गए हैं, जिनमें से 50 पुलिस स्टेशन नए बने हैं। श्री शाह ने कहा कि यह सफलता सभी राज्यों और केन्द्र सरकार के साझा प्रयासों का परिणाम है और हमें इसे और दृढ़ता तथा स्फूर्ति के साथ आगे बढ़ाना है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद का हो रहा सफाया

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ छत्तीसगढ़ में मिली सफलता हम सबको प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित सभी जिलों में विकास का एक नया अभियान चलाया है। व्यक्तिगत और परिवार कल्याण की भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की लगभग 300 योजनाओं के 100% सैचुरेशन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के कारण अब गांव में स्कूल, सस्ता अनाज, सस्ती दवाइयां, पब्लिक हेल्थ सेंटर आदि पहुंचे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि नक्सलवाद आदिवासी क्षेत्रों के विकास में सबसे बड़ी बाधा और संपूर्ण मानवता का दुश्मन होने के साथ ही मानवाधिकारों का सबसे बड़ा हनन करने वाला भी है। उन्होंने कहा कि 8 करोड़ लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखना मानवाधिकार का सबसे बड़ा हनन है। श्री शाह ने कहा कि हजारों निर्दोष आदिवासी भाई-बहन नक्सलियों द्वारा लगाई गई बारूदी सुरंगों से मारे जाते हैं और नक्सलवाद के कारण ही इन क्षेत्रों में विकास रुका हुआ है।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

105वीं जयंती




# राजमाता का समग्र जीवन अंत्योदय को समर्पित

प्रेम, करुणा और दया की प्रतिमूर्ति श्रद्धेय राजमाता श्रीमती विजयाराजे सिंधिया को भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक और प्रखर विचारक के रूप में याद किया जाता है। छत्तीसगढ़ पहले मध्य प्रदेश का हिस्सा रहा है, इसलिए दोनों ही राज्यों के राजमाता को सम्मान दिया जाता है।

मध्यप्रदेश के सागर में 12 अक्टूबर 1919 को जन्मीं राजमाता का नाम लेखा देवीश्वरी देवी था। ग्वालियर के महाराजा श्री जीवाजीराव सिंधिया से विवाह के बाद उनका नाम श्रीमती विजयाराजे सिंधिया रखा गया। उन्होंने साल 1967 में जनसंघ की सदस्यता ली।

राष्ट्र की राजनीति में मातृ शक्ति की प्रतीक राजमाता विजयाराजे सिंधिया भाजपा की संस्थापक सदस्यों में एक रही हैं। उन्होंने श्रद्धेय अटल जी, कुशाभाऊ ठाकरे जी, लालकृष्ण आडवाणी जी, मुरली मनोहर जोशी जी जैसे भाजपा के संस्थापकों के मार्गदर्शन में मातृशक्ति को भाजपा में जोड़ने का काम किया। राजमाता को 1980 में भाजपा का उपाध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने श्रीरामजन्म भूमि आंदोलन के प्रचार में अहम भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी कई बार राजमाता के ममत्व का उल्लेख हमेशा करते रहे हैं। राजमाता देश के दोनों सदनों के सदस्य रही हैं और भाजपा की वैचारिक विस्तार में उनका योगदान सदैव अग्रणी रहा है।

## राजमाता का था छत्तीसगढ़ से आत्मीय लगाव


राजमाता ने पहली बार 1971 में कोण्डागांव में चुनावी सभा को संबोधित किया था। उस समय उन्होंने जिन विचारों का बीजारोपण किया था, अब वह एक विशाल वृक्ष का स्वरूप ले चुका है। उनके लगातार छत्तीसगढ़ के प्रवास को लेकर ऐसे बहुत से संस्मरण हैं। जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। 90 के दशक में अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए चुनाव होना था, उस समय राजमाता विजयराजे सिंधिया को बस्तर के केशकाल विधानसभा सीट में प्रचार के लिए जाना था और एक दिन पूर्व ही रायपुर के राजकुमार कालेज विश्राम गृह में आकर रूकी थीं। उन्हें दूसरे दिन केशकाल में चुनावी सभा के लिए जाना था। उस समय के चुनाव अभियान समिति के सदस्य रहे संतोष कटारिया ने उस समय के संस्मरणों को बताते हुए कहा कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया के इस प्रवास का लाभ हम लेना चाहते थे। इस लिए उनके बिना सहमति के ही विश्रामपुरी में एक सभा तय कर पूरी तैयारी कर हम लोग केशकाल पहुंचे ही थे तब के संगठन महामंत्री गोविंद सारंग कार्यक्रम के तैयारी के लिए देर रात केशकाल पहुंचे थे और अपने गाड़ी पर ही विश्राम कर रहे थे। तब इस दौरान उन्हें विश्रामपुरी में राजमाता सिंधिया की सभा की जानकारी दी गई तो बेहद ही नाराज हो गये और हम कार्यकर्ताओं से कहा कि यह निर्धारित कार्यक्रम नहीं था लेकिन हम सब के आग्रह से उन्होंने सभा सुनिश्चित करवाई और राजमाता सिंधिया ने विनम्रता से कार्यकर्ताओं के प्रस्तावों को स्वीकारते हुए, विश्रामपुर के केशकाल में भी चुनावी सभा को संबोधित किया। भाजपा नेता संतोष कटारिया बताते हैं कि जब राजमाता सिंधिया का हेलीकॉप्टर केशकाल और विश्रामपुरी में पहुंचा तो हजारों की संख्या में उन्हें सुनने पहुंचे और सभाएं सफल हुई। इस सभा के बाद उन्हें उस समय के नारायणपुर विधानसभा के अंतागढ़ में प्रचार के लिए जाना था लेकिन खराब मौसम के चलते वहां नहीं जा पाई थी। वहीं केशकाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कृष्णकुमार ध्रुव राजमाता के सभा के बाद 62 प्रतिशत के अंतर के मतों से विजय हासिल किया था और पहली बार केशकाल में भाजपा की जीत हुई थी। इस तरह से राजमाता के इन सभाओं का इतना लाभ हुआ कि भाजपा लगातार बस्तर में मजबूत होती गई और हर चुनाव में भाजपा की सीटें बढ़ती गई। इसके साथ ही बस्तर में भाजपा का जनाधार मजबूत हुआ। जिसका विशाल स्वरूप हम वर्तमान में देख सकते हैं।

उन्होंने साल 1998 में राजमाता ने स्वास्थ्यगत कारणों से पद और सक्रिय राजनीति छोड़ दी। 25 जनवरी 2001 को राजमाता का देहावसान हो गया और उनकी स्मृतियां एक शक्तिशाली मातृ सत्तात्मक व्यक्तित्व के रूप में शेष रह गई। श्रद्धेय राजमाता श्रीमती विजयाराजे सिंधिया का आदर्श जीवन युगों-युगों तक हमें राष्ट्र उत्थान और लोक कल्याण की प्रेरणा देते रहेंगे। ।•••

विकास क्रांति

# समृद्धि के सौ दिन

## प्रथम 100 दिनों में ही शुरू की गई लगभग 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की राजग सरकार ने 17 सितंबर, 2024 को अपने लगातार तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे कर लिए हैं। सरकार ने 100 दिनों के अति अल्प समय में ही न केवल गरीब कल्याण, सुरक्षा और देश के गौरव हेतु कई महत्वपूर्ण फैसले लिए, बल्कि अनेक कल्याणकारी पहल व परियोजनाएं भी शुरू कीं। इन प्रमुख उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण निम्न है:

### 8 नई रेलवे लाइन परियोजनाओं को मंजूरी

- रेल यात्रा को तेज और सुविधाजनक बनाने के लिए 8 नई रेलवे लाइन परियोजनाओं को मंजूरी, जिससे 4.42 करोड़ मैन-डेज के रोजगार उत्पन्न होंगे।
- वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास को मंजूरी।
- पश्चिम बंगाल में बागडोगरा और बिहार में बिहटा में नए सिविल एन्क्लेवज की मंजूरी।
- अगत्ती और मिनिकॉय में नई हवाई पट्टी भी बनाए जाएंगे।
- बैंगलोर मेट्रो के फेज-3, पुणे मेट्रो और ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के विस्तार को मंजूरी।

### इंफ्रास्ट्रक्चर विकास

- 100 दिनों में 3 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी, प्रमुख फोकस सड़क, रेल, बंदरगाह और हवाई मार्ग।
- महाराष्ट्र के वधावन में 76,200 करोड़ रुपये से वधावन मेगा पोर्ट को मंजूरी, जो दुनिया के शीर्ष 10 बंदरगाहों में शामिल होगा।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 (PMGSY-IV) के तहत 49,000



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...



करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता से 25 हजार अनकनेक्टेड गांवों में कनेक्टिविटी के लिए 62,500 किलोमीटर सड़कों और पुलों के निर्माण/अपग्रेडेशन मंजूर।

■ 50,600 करोड़ रुपये की लागत से भारत के सड़क नेटवर्क को मजबूती देना स्वीकृत।

■ 936 किलोमीटर में फैले 08 राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी।

■ लाद्दाख को हिमाचल प्रदेश से जोड़ने वाली शिन-खुन-ला सुरंग की आधारशिला रखी गई।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी

■ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की गई, 9.3 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये वितरित। अभी तक कुल 12 करोड़ 33 लाख किसानों को 3.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक वितरित।

■ 2024-25 के खरीफ फसलों के लिए MSP बढ़ाया गया, जिससे किसानों को लगभग 2 लाख करोड़ रूपये का लाभ (12 करोड़ किसान लाभान्वित)।

■ 12,100 करोड़ रुपये से आंध्र प्रदेश में पोलावरम इरीगेशन प्रोजेक्ट को मंजूरी।

■ 14,200 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 07 प्रमुख योजनाओं को मंजूरी, जिनमें डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन शामिल, जिसने कृषि क्षेत्र में एफिशिएंसी और प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी।

■ राष्ट्र स्तरीय समिति द्वारा तैयार नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति पर ड्राफ्ट रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है; मसौदा नीति भी तैयार कर ली गई है और अब इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।

■ राष्ट्रीय सहकारी अऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL) व जैविक उत्पाद परिषद् (उत्तराखंड) के बीच MoU, NCOL द्वारा उत्तराखंड के किसानों की जैविक उपज को लाभकारी मूल्य पर खरीदा जाएगा। लाभ का उचित हिस्सा सीधे किसानों के खाते में।

■ मक्के से भी एथेनॉल के उत्पादन के लिए सहकारी चीनी मिलों की एथेनॉल उत्पादक इकाइयों का मल्टी फीड एथेनॉल इकाइयों में रूपांतरण।

## प्याज और बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात मूल्य हटा

■ प्याज और बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात मूल्य (MEP) हटाने और प्याज पर निर्यात शुल्क को 40% से 20% करने का निर्णय।

■ कच्चे पाम, सोया और सूरजमुखी तेलों के आयात में ड्यूटी को 12.5% से 32.5% बढ़ाने व इनके रिफाइंड तेलों पर ड्यूटी को 13.75% से 35.75% करने का निर्णय।

■ कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड स्कीम का विस्तार।

■ जम्मू-कश्मीर में 3,300 करोड़ रुपये से कई कृषि योजनाएं एवं विकास परियोजनाएं शुरू।

■ वाराणसी की पहली यात्रा के दौरान मोदी जी के द्वारा स्वयं सहायता समूह की 30,000 कृषि सखियों को कृषि में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित किया गया।

■ मौसम और जलवायु अनुकूल भारत बनाने के लिए 2,000 करोड़ रुपये के मिशन मौसम को मंजूरी।

■ एग्रीस्योर नामक एक नया फंड लॉन्चः कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने तथा स्टार्ट-अप और रूरल इंटरप्राइजेज को सपोर्ट करने के लिए शुरू।

## मध्यम वर्ग को बड़ी राहत

■ **टैक्स राहतः** 7 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं।

■ वेतन पाने वाले कर्मचारी 17,500 रुपये तक टैक्स बचा सकते हैं।

■ स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ाकर 75,000 रुपये किया गया।

■ पारिवारिक पेंशन में छूट का दायरा बढ़ाकर 25,000 रुपये किया गया।

■ इनकम टैक्स नियमों को संक्षिप्त, स्पष्ट और समझने में आसान बनाने के लिए 6 महीने में व्यापक समीक्षा।

## सरकारी कर्मचारियों को सरकार की सौगात

■ यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू: 25 साल सर्विस वाले कर्मचारियों को औसत मूल वेतन का 50% पेंशन के रूप में मिलेगा।

■ वन रैंक, वन पेंशन (OROP): सुरक्षा बलों और उनके परिवार के लिए वन रैंक, वन पेंशन योजना का तीसरा संस्करण लागू किया जाएगा।

■ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर स्वीकृत।

■ शहरी योजना के तहत 1 करोड़ घर।

■ ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ घरों के निर्माण की स्वीकृत।

■ (2014 से अभी तक कुल (शहरी ग्रामीण) 4 करोड़ 27 लाख घर)।
■ **पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना:** जून से अगस्त, 2024 के बीच 2.5 लाख से ज्यादा घरों में सौर ऊर्जा सिस्टम लगाया गया।
■ पीएम ई-बस सेवा से एनवायरनमेंट फ्रेंडली सिस्टम तैयार होगा, 3,400 करोड़ रुपये की सहायता से ई-बसों की खरीद को स्वीकृति दी जाएगी।

## ईज ऑफ डूइंग बिज़नस

■ स्टार्टअप्स को वित्तीय राहत और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स पर 31% का बोझ डालने वाले 2012 से चल रहे Angel Tax को समाप्त किया गया।
■ विदेशी कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट टैक्स को 40% से घटाकर 35% किया गया, जिससे भारत को वैश्विक स्तर पर ज्यादा प्रतिस्पर्धी और निवेश के लिए आकर्षक बनाया गया।
■ भारत को वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अग्रणी बनाने के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप्स के लिए 1000 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फण्ड बनाया जाएगा।
■ **GENESIS प्रोग्राम:** Tier-II और Tier-III शहरों में स्टार्टअप्स के लिए जेन नेक्स्ट सपोर्ट फॉर इनोवेशन स्टार्टअप्स (GENESIS) प्रोग्राम को मंजूरी दी गई।
■ नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत 12 इंडस्ट्रियल जोन बनाने की घोषणा, जो निवेशकों को सुविधाएं प्रदान करेंगे और ईज ऑफ डूइंग बिजनस को बेहतर बनाएंगे।
■ मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की गई, जिससे पुराने ऋण का सफलतापूर्वक भुगतान करने वाले व्यापारियों को लाभ होगा।
■ MSMEs के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम शुरू की गई, जिससे छोटे व्यापारियों को बिना गारंटी के ऋण मिल सकेगा और उनके लिए मशीनरी और अन्य सामान की खरीद आसान होगी।
■ MSMEs और परंपरागत कारिगरों के लिए PPP मोड से ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट हब्स तैयार किए जाएंगे, जो निर्यात सेवाएं प्रदान करेंगे और वैश्विक बाजार में इजी एक्सेस देगा।

## रोजगार सृजन पर जोर: 2 लाख करोड़ रुपये के पीएम पैकेज की घोषणा

■ 2 लाख करोड़ रुपये के पीएम पैकेज की घोषणा, जिससे युवाओं में रोजगार और कौशल को बढ़ावा मिलेगा।
■ **लक्ष्य:** 5 साल में 4.1 करोड़ युवाओं को लाभ पहुंचाना।
■ 1 करोड़ युवाओं को टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर, allowances और एकमुश्त सहायता राशि।
■ केंद्र सरकार ने 15,000 से अधिक नए नियुक्तियों की घोषणा की।
■ 20 लाख युवाओं को कौशल युक्त बनाने का लक्ष्य, 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का सुधार होगा।
■ पहली बार रोजगार पाने वाले EPFO के तहत आने वाले कर्मचारियों को 3 किश्तों में 15 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि।
■ 1 लाख रुपये तक की आय वाले कर्मचारियों को EPFO में सरकारी योगदान का फायदा।
■ Employers को हर 1 लाख रुपये तक की आय वाले नए कर्मचारियों को जोड़ने पर 2 साल तक 3,000 रुपये प्रतिमाह का reimbursement I
■ ई-श्रम पोर्टल का एकीकरण, 12 इंडस्ट्रियल जोन के विकास से नई उद्योगों को बढ़ावा और रोजगार सृजन।
■ पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ करने से रोजगार सृजन।
■ स्टार्ट-अप्स और MSME के लिए वित्तीय और कर प्रोत्साहन।
■ Khelo India Rising Talent Identification (KIRTI) योजना की शुरुआत।

## सशक्त नारी शक्ति: 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह

■ **दीनदयाल अंत्योदय योजना (DAY-NRLM) के तहत:** 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को संगठित कर उनकी आजीविका, डिजिटल साक्षरता और सामाजिक विकास के लिए 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह (SHGs) बनाए गए।
■ **लखपति दीदी योजना:** दीदी. श्री मोदी ने 11 लाख नये लखपतियों को प्रमाण पत्र दिया।
■ 1 करोड़ से अधिक लखपति दौदियां प्रति वर्ष 1 लाख रुपये से अधिक की कमाई कर रही हैं।
■ पर्यटन दीदियों और पर्यटन मित्रों के माध्यम से SHGs और युवाओं को पर्यटन से जोड़ा।
■ 2,500 करोड़ रुपये का Community Investment Fund जारी, 4.3 लाख SHGs के 48 लाख सदस्यों को लाभ।
■ 5,000 करोड़ रुपये का बैंक ऋण जारी, 2 लाख 35 हजार 400 SHGs के 25.8 लाख सदस्यों को लाभ।

## ओबीसी, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों का सशक्तीकरण






■ **प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान:** 63,000 जनजातीय गांवों का विकास किया जाएगा, जिससे 5 करोड़ आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

■ **NAMASTE योजना का विस्तार:** सफाई कर्मचारियों के साथ कचरा बीनने वालों को भी शामिल किया, जिससे उनका सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण होगा।

■ **विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र:** अनुसूचित जनजाति के दिव्यांग व्यक्तियों के लिए 3 लाख पहचान पत्र जारी किए गए, जिनमें 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के दिव्यांग व्यक्तियों के लिए 1.17 लाख कार्ड शामिल हैं।

■ **PM SURAJ का विस्तार:** अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों और सफाई कर्मचारियों के लिए आजीविका गतिविधियों के लिए रियायती ऋणों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी।

■ **एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय:** 405 विद्यालयों में 1.23 लाख से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन हुआ।

■ **नए विद्यालय और स्मार्ट कक्षाएं:** 40 नए विद्यालय बनाए गए और 110 विद्यालयों में जनजातीय विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट कक्षाएं बनाई गईं।

■ **वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024:** वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और संरक्षण के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और निगरानी के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा, जिससे विवादों में कमी आएगी।

## आयुष्मान भारत योजना का विस्तार

■ 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वृद्ध नागरिकों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त बीमा, जिससे 4.5 करोड़ परिवारों और 6 करोड़ वृद्ध नागरिकों को लाभ होगा।

■ 75,000 नई मेडिकल सीटें बढ़ाई गई, जिससे हेल्थकेयर सिस्टम को प्रभावी बनाने और मेडिकल शिक्षा में विदेशी निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

■ नियमित टीकाकरण को डिजिटल बनाने के लिए U-WIN पोर्टल शुरू किया गया।


■ देश के डॉक्टरों की एक सेंट्रलाइज्ड रिपोजटरी बनाने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन एक नेशनल मेडिकल रजिस्टर तैयार कर रहा है।

■ महिलाओं, किशोरियों और आदिवासी समुदायों में सिकल सेल डिजीज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

■ कैंसर से पीड़ित लोगों के आर्थिक बोझ को कम करने हेतु 3 कैंसर दवाओं की कस्टम ड्यूटी में छूट।

■ **पीएम ई-ड्राइव योजना:** 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इलेक्ट्रिक एम्बुलेंस की सुविधा प्रदान की जाएगी।

■ **डिजिटल हेल्थकेयर:** आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (ABHA) I पर 'स्कैन और शेयर' सुविधा, जिसके माध्यम से 4 करोड़ आउट-पेशेंट पंजीकरण की सुविधा दी गई।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## भारत दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल उत्पादक देश

■ भारत दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल उत्पादक देश बना, स्वदेशी सेमीकंडक्टर सुविधाओं की स्थापना।

■ **सेमीकंडक्टर:** गुजरात के साणंद में सेमीकंडक्टर इकाई की स्थापना। 3,300 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित, प्रतिदिन 60 लाख चिप्स की उत्पादन क्षमता।

■ अंतरिक्ष स्टार्ट-अप के लिए 1000 करोड़ रुपये की वेंचर कैपिटल फंड योजना।

■ 23 अगस्त को पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया (चंद्रयान व मंगलयान की सफलता पर)।

■ आपदा प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय डेटाबेस और ग्रामीण भूमि रिकॉर्ड के लिए भुवन पंचायत पोर्टल।

■ 16 अगस्त को SSLV-D3 पर EOS-08 उपग्रह का सफल प्रक्षेपण।

■ 50 हजार करोड़ रुपये से राष्ट्रीय अनुसंधान कोष, 10,500 करोड़ रुपये से 'विज्ञान धारा' योजना।


## 3 नए कानून लागू

■ औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों को बदलकर 1 जुलाई, 2024 को 3 नए कानून लागू ।

■ भारतीय दंड संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम: संगठित अपराध और आर्थिक अपराधों पर ध्यान केंद्रित किया गया है एवं फॉरेंसिक को बढ़ावा तथा Digitalization से कानून व्यवस्था सुदृढ़।

■ अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्टब्लेयर के नाम परिवर्तन कर श्री विजयपुरम की गई।

■ प्रभावी आपराधिक न्याय प्रणाली के लिए 'National Forensic Infrastructure Enhancement Scheme' की मंजूरी। वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 के दौरान 2,250 करोड़ रुपये का कुल वित्तीय परिव्यय।



■ पेपर लीक की समस्या से निपटने के लिए सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024।

■ लोक शिकायत निवारण के लिए CP-GRAMS दिशा-निर्देश जारी किए गए।

## पूर्वोदय योजना

■ **पूर्वोदय योजना:** बिहार, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए योजना।

■ शहरी बाढ़ प्रबंधन, ग्लेशियल Lake Outburst Flood Risk Mitigation के लिए 6,350 करोड़ रुपये की परियोजनाएं।

■ लद्दाख में 5 नए जिले (जांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगयांग), कुल जिले: 7 (लेह और कारगिल सहित)।

■ 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस।

## ऊर्जा सुरक्षा

■ पूर्वोत्तर में 4,100 करोड़ रुपये की हाइड्रो-इलेक्ट्रिक परियोजनाओं का मंजूरी

■ राज्य संस्थाओं और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बीच Joint venture सहयोग।

■ VGF (Viability Gap Funding) योजना के तहत 12,400 करोड़ रुपये से अधिक के हाइड्रो-इलेक्ट्रिक परियोजनाओं को मंजूरी।

■ 7450 करोड़ रुपये की ऑफ-शोर पवन ऊर्जा परियोजनाएं स्वीकृत।

■ **राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन:** इलेक्ट्रोलाइजर मैन्युफैक्चरिंग के लिए second tranche प्रदान की गई, इससे घरेलू इलेक्ट्रोलाइजर मैन्युफेक्चरिंग capacity प्रति वर्ष 1.5 गीगावाट होगी।

■ PSU को वृक्षारोपण व पर्यावरण बहाली के लिए Green Credit Programme की शुरुआत। इसी दिशा में Faster Adoption and Manufacturing of Electric Vehicles in India Phase-III (FAME-III) योजना।

■ **जी-वन योजना:** उन्नत जैव ईंधन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री जी-वन योजना।

## विदेश नीति

■ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की रूस व यूक्रेन की महत्वपूर्ण यात्रा।

■ श्री मोदी की रूस और यूक्रेन की महत्वपूर्ण यात्राएं, इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन में भागीदारी।

■ रूस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी को 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' सम्मान।

■ राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ फिजी' और तिमोर लेस्टे के 'ऑर्डर ऑफ तिमोर लेस्टें' से सम्मानित किया गया।

■ सिंगापुर और किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा पहली बार ब्रुनेई दारुस्सलाम की यात्रा।

■ किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा 41 वर्षों के बाद यात्रा ऑस्ट्रिया और 45 वर्षों के बाद पोलैंड यात्रा।

■ भारत ने 120 से अधिक देशों के साथ तीसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' शिखर सम्मेलन की मेजबानी की।

■ पहली बार भारत में यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति की बैठक आयोजित की गई।

## आपदा प्रबंधन

■ आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में संशोधन हेतु आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 लोकसभा में पेश किया गया।

■ अर्बन फ्लड मैनेजमेंट, अग्निशमन सेवाओं, ग्लेशियर झील विस्फोट, फ्लड और अन्य डिजास्टर के मिटीगेशन हेतु राज्यों को 12,554 करोड़ रुपये स्वीकृत। ('नेशनल डिजास्टर मिटिगेशन फंड', नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फंड', 'स्टेट डिजास्टर मिटिगेशन फंड' और 'स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फंड' के तहत)।

■ आपातकालीन कार्रवाई सहायता प्रणाली (ERSS 2.0) राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में लागू।

■ आंध्र प्रदेश की बाढ़ के लिए एक एक्सपर्ट टीम का गठन।

## सुरक्षा: NLFT और ATTF के साथ शांति समझौता

■ 4 सितंबर को 35 सालों के संघर्ष समाप्त करते हुए NLIFT और ATTF के साथ शांति समझौता किया गया। इसके तहत 328 सशस्त्र कैडर हिंसा को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए। मानस (MANAS) हेल्पलाइन का शुभारंभ।

■ साइबर अपराध से निपटने वाले सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए 'समन्वय' प्लेटफॉर्म शुरू किया गया।

■ अगले 5 साल में 5 हजार साइबर कमांडों तैयार किए जाएंगे।

■ साइबर अपराध की सूचना देने के लिए साइबरदोस्त मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया।

■ बैंकों और वित्तीय इन्टरमीडियरीज के साथ मिलकर 14C में अत्याधुनिक 'साइबर धोखाधड़ी शमन केंद्र' (CFMC) की स्थापना की गई।


■ **सस्पेक्ट रजिस्ट्री:** मोबाइल नंबर, यूआरएल/वेबसाइट, आईएमईआई और अन्य पहचानकर्ताओं का एक सस्पेक्ट रजिस्ट्री बनाया गया है। ।•••

समाचार कमल

## सेवा पखवाड़ा में विविध कार्यक्रमों का आयोजन



भाजपा सेवा पखवाड़ा आयोजन समिति के प्रदेश संयोजक व पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी मंडलों व संगठन जिला में विविध कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक 17 से 19 सितम्बर तक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 35 जिले में आयोजन किया गया। करीब 1504 ब्लड यूनिट संकलित किया गया। जिसमें 4310 लोग शामिल हुए। वहीं 18 से 24 सितम्बर तक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। 313 मंडल में करीब 9775 आमजन शामिल हुए। 23 सितम्बर को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य शिविर 75 विधानसभाओं में आयोजित किया गया। जिसमें 12650 लोगों ने स्वास्थ्य की जांच कराई। 25 सितम्बर को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर 23831 बूथों में 4500 पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किये गये। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर महापुरुषों के करीब 295 प्रतिमा स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रदेश के 35 संगठन जिलों में सचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिममें 12 हजार लोग शामिल हुए। विचार गोष्ठी का आयोजन 5 स्थानों पर किया गया। जिसमें 787 लोग शामिल हुए। प्रदेश के 700 बूथों पर 1 पेड़ मां के नाम लगाया गया। जिसमें करीब 3400 पौधे रोपित किये गये। इस के साथ ही रंगोली स्पर्धा 60 स्थानों पर हुआ जिसमें 985 प्रतिभागी व चित्रकला व भाषण स्पर्धा 7 स्थानों पर हुआ। जिसमें 795 लोगों ने हिस्सा लिया।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## सहयोग केंद्र में हो रहा समस्याओं का निराकरण



भाजपा के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने उपस्थित रहकर करीब 100 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केन्द्र में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, आवास आदि से संबंधित एवं विकास कार्यों के आवेदन प्राप्त हुए। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने इनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करके तत्काल किया। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

## भाजपा कोर ग्रुप की बैठक



**भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा कोर ग्रुप की बैठक हुई। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों व सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री द्वेय अरूण साव, विजय शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधायक लता उसेंड़ी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विक्रम उसेंडी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश रामू रोहरा मौजूद रहे।**

समाचार कमल

# प्रधानमंत्री जी का समग्र जीवन प्रेरणादायी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा द्वारा पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ भाजपा द्वारा भी अपने शीर्ष नेता के जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रमों का अयोजन किया गया। सुबह से भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में किया गया। इसी कड़ी में शाम 6 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से जुड़ी तस्वीरों और उनके राजनीतिक जीवन सहित उनके द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी योजनाओं की तस्वीरों से सुसज्जित विशाल फोटो प्रदर्शनी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कर कमलों द्वारा किया गया, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़ी तस्वीरों वाली प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## भूमि पूजन




**भाजपा कवर्धा जिला कार्यालय का भूमि पूजन विधि विधान से संपन्न हुआ। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।**

# कांग्रेस का हाथ हमेशा ठगों के साथः सौरभ सिंह



भाजपा के रायपुर संभाग प्रभारी सौरभ सिंह ने कहा है कि कांग्रेस के आपराधिक चेहरे लगातार उजागर हो रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी ठगी के आरोपित के.के. श्रीवास्तव के भगोड़ा घोषित होने के मद्देनजर श्री सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को उक्त आरोपी से अपने रिश्तों को सार्वजनिक करना चाहिए। कांग्रेस शासनकाल में न केवल प्रदेश के खजाने में डाका डाला गया, हजारों करोड़ रुपए घपले-घोटाले करके प्रदेश की जनता का हक मारा गया, बल्कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को राजनीतिक संरक्षण देकर लूट मचाने की खुली छूट दी गई।

भाजपा संभाग प्रभारी सिंह ने कहा कि 15 करोड़ रुपए की ठगी करके केके श्रीवास्तव और उसका पुत्र कंचन श्रीवास्तव फरार है। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का इस ठग के साथ क्या रिश्ता था, यह जानने का अधिकार पूरे प्रदेश को है, क्योंकि ठगी का यह आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के लिए विशेष पूजा-पाठ करता था और इसी कारण बघेल का अक्सर उसके बिलासपुर स्थित निवास में आना-जाना लगा रहता था। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के अलावा श्रीवास्तव के सरकार से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण लोगों के सम्पर्क में भी वह था। भगोड़ा घोषित श्रीवास्तव पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है। कांग्रेस का साथ हमेशा भ्रष्टाचारी, गठचारियों के साथ रहा है। जिसके उजागर होते ही कांग्रेस उस पर पर्दा डालती है।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...



## एक सार्थक संकल्प

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में खरसिया से आए युवा मोर्चा के कर्मठ कार्यकर्ता प्रिंस कुमार बरेड से मुलाकात की। जिन्होंने यह संकल्प लिया था कि जब तक प्रदेश में भ्रष्ट कांग्रेस की सरकार सत्ता से बेदखल नहीं हो जाती और भाजपा की सरकार नहीं बनती तब तक चप्पल या जूता नहीं पहनने का संकल्प लिया थे। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद इस कर्मठ कार्यकर्ता ने अपने संकल्प पूरा होने के बाद जब प्रदेश कार्यालय पहुंचा तो प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने नए जूते भेंट कर कठिन संकल्प के लिए उनका आभार माना। उन्होंने कहा कि ऐसे कई कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के मजबूत संकल्प के कारण ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए कार्य करेंगे। हमें प्रिंस कुमार बरेड जैसे युवा बेहतर उत्थान के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

## हरियाणा में हैट्रिक, छत्तीसगढ़ में मना उत्सव




**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यक्रमों पर मुहर लगाया है। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर में भाजपा के बेहतर प्रदर्शन से पार्टी का जनाधार बढ़ा है। वहीं हरियाणा के ऐतिहासिक जीत के लिए हमारे सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। हरियाणा में जीत के बाद भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, एकात्म परिसर सहित पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने उत्सव मनाया।**

## सादर नमन



**उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अमेरिका प्रवास के दौरान राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित की।**

# बधाई...

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने नवयुक्त प्राधिकरण के उपाध्यक्षों व आयोग के अध्यक्ष सहित महिला आयोग के सदस्यों को बधाई दी है। कोण्डागांव विधायक व पूर्व मंत्री लता उसेण्डी को बस्तर विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची को मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, दुर्ग (ग्रामीण) विधायक ललित चन्द्राकर को राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहिब को अनुसूचित जाति प्राधिकरण का उपाध्यक्ष व पत्थलगांव विधायक गोमती साय को सरगुजा विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू राम निषाद व राज्य युवा आयोग अध्यक्ष के पद पर विश्व विजय सिंह तोमर की नियुक्ति हुई है। लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया, ओजस्वी मण्डावी, दीपिका सोरी, प्रियंवदा सिंह जूदेव को राज्य महिला आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है।




**लता उसेण्डी**
उपाध्यक्ष, बस्तर विकास प्राधिकरण


**प्रणव कुमार मरपच्ची**
उपाध्यक्ष, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण


**ललित चन्द्राकर**
उपाध्यक्ष, राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र


**गोमती साय**
उपाध्यक्ष, सरगुजा विकास प्राधिकरण


**गुरु खुशवंत साहिब**
उपाध्यक्ष, अनुसूचित जाति प्राधिकरण


**नेहरू राम निषाद**
अध्यक्ष,राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग



**विश्व विजय सिंह तोमर**
अध्यक्ष, राज्य युवा आयोग


**लक्ष्मी वर्मा**
सदस्य, राज्य महिला आयोग


**सरला कोसरिया**
सदस्य, राज्य महिला आयोग


**ओजस्वी मण्डावी**
सदस्य, राज्य महिला आयोग


**दीपिका सोरी**
सदस्य, राज्य महिला आयोग


**प्रियंवदा सिंह जूदेव**
सदस्य, राज्य महिला आयोग

## सार्थकता के रहे सौ दिन : अग्रवाल



भाजपा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता सम्हालते हुए सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मूलमंत्र को लक्ष्य बनाकर देश के विकास का जो संकल्प व्यक्त किया था, अपने इस कार्यकाल के प्रथम 100 दिनों में इस पर उन्होंने तेजी से अमल किया है। एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि इन प्रथम 100 दिनों में ही लगभग 15 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएँ शुरू करके भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की केंद्र सरकार 2047 तक ''विकसित भारत'' के लक्ष्य-पथ पर तेज रफ्तार से बढ़ रही है। भाजपा सांसद श्री अग्रवाल ने बताया कि किसान मित्र मोदी योजना के तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त जारी करने के साथ ही 9.3 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये वितरित किए गए। अभी तक कुल 12 करोड़ 33 लाख किसानों को 3 लाख करोड़ रु. वितरित किए जा चुके हैं। 2024-25 के खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया जिससे 12 करोड़ किसानों को लगभग 2 लाख करोड़ रु. का लाभ हुआ। 12,100 करोड़ रु. की लागत से आंध्रप्रदेश में पोलावरम इरीगेशन प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। ●●●

पत्रिका दीप कमल के इस अंक का पीडीएफ प्राप्त करने के लिए कृपया QR कोड स्केन करें।

**निवेदन** दीप कमल से संबंधित कोई भी सुझाव या शिकायत हो तो आप नीचे दिए गए पते पर भेज सकते हैं। फोन या मोबाइल नंबर पर भी जानकारी दे सकते हैं। ईमेल भी कर सकते हैं। इसके अलावा आपके क्षेत्र में संगठन से संबंधित कोई गतिविधि या पत्रिका में प्रकाशन योग्य कोई समाचार हो, तो उसे भी निम्नलिखित माध्यमों से भेजने का आग्रह है।

**प्रबंध संपादक, दीप कमल, प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर**
डूमरतराई, रायपुर। (छत्तीसगढ़), मोबाइल नं. : 92016-33511, फोन : 0771-2233500
Email : mydeepkamal@gmail.com



# स्वागत, वंदन, अभिनंदन







RNI No.CHHHIN/2004/13926
डाक पंजी. क्रमांक : छ.ग./रायपुर संभाग/78/2023-25



# JOIN BJP



# संगठन पर्व

# सदस्यता अभियान 2024

## भाजपा द्वारा 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार करने के लिए किए गए महत्वपूर्ण विकास कार्य

**राम मंदिर के निर्माण** का सपना भाजपा सरकार में हुआ साकार





एक दशक में करीब **25 करोड़ देशवासी गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं**

**महिलाओं को सरपंच से संसद तक दिया गया 33% आरक्षण**





**गरीब कल्याण अन्न योजना** से **80+ करोड़ देशवासियों को मिला मुफ्त राशन**

**धारा-370 को को** हटाकर जम्मू कश्मीर के लिए खोले विकास के द्वार





**11+** करोड़ किसानों को **हर वर्ष 6000 रुपए** की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दी जा रही है

**102 नई वंदे भारत ट्रेनों** से बढ़ाई देश में सफ़र की रफ़्तार





**हर घर नल से जल योजना** से **14.2+ करोड़ ग्रामीण** घरों में दी गई नल से जल की सुविधा


**मोदी सरकार** में **16 नए एम्स और 315 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए**





**4.2+ करोड़** परिवारों का पूरा किया पक्के मकान का सपना

**3.75+ लाख कि.मी.** सड़क निर्माण से गांवों को शहर से जोड़ा और नेशनल हाईवे की लंबाई बढ़ाकर **1.45+ लाख कि.मी. करी**





**आयुष्मान भारत योजना** द्वारा **34.7+ करोड़ देशवासियों को 5 लाख रुपये** तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था दी गई

## 88 00 00 2024 पर मिस्ड कॉल करें, सदस्य बनें

## भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़